हरियाणा ने मिड-डे-मील योजना के बजट में की 72 फीसदी की बढ़ोतरी

चर्चा में क्यों?

6 अप्रैल, 2023 को हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने चंडीगढ़ में हुई मिड-डे-मील योजना के लिये राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में बताया कि राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएमपीओएसएचएएन) के तहत 14,409 प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को मिड डे मील उपलब्ध कराने के लिये बजट में लगभग 72 प्रतिशत की वृद्धि की है।

प्रमुख बिंदु

- मिड डे मील योजना के पिछले साल के 384 करोड़ रुपए के बजट के मुकाबले चालू वर्ष के दौरान 661 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।
- इस अवसर पर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि भोजन में अतिरिक्त पोषण मानदंड बढ़ाने के संबंध में विभिन्न खंडों में अध्ययन किया जाए तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने और भोजन के पोषण मानकों को पूरा करने के अलावा इसे स्वच्छ परिस्थितियों में पकाया जाना चाहिये।
- स्कूलों में छात्रों को भोजन उपलब्ध कराने की समय-सारिणी निश्चित की जानी चाहिये ताकि भोजन की गुणवत्ता की जाँच और निरीक्षण सुनिश्चित किया जा सके।
- ज्ञातव्य है कि योजना के तहत प्रदान किये जाने वाले भोजन में फोर्टिफाइड आटा, चावल और बाजरा पर आधारित विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ शामिल हैं।
- बैठक में बताया गया कि कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को सप्ताह में कम से कम 3 दिन मिड-डे-मील के साथ 200 एमएल 5 फ्लेवर्ड फोर्टिफाइड दूध भी उपलब्ध कराया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-hikes-budget-for-mid-day-meal-scheme-by-72-percent